# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-B

**नोट :** सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(*i*) अफीम युद्ध किन देशों के बीच हुआ था ?

(*अ*) भारत-इंग्लैण्ड (*ब*) इंग्लैण्ड-चीन

(*स*) चीन-जापान (*द*) इंग्लैण्ड-फ्रांस

(*ii*) छत्तीसगढ़ में **सबसे प्राचीन** धर्म था :

(*अ*) वैष्णव धर्म (*ब*) शैव धर्म

(*स*) बौद्ध धर्म (*द*) जैन धर्म

(*iii*) केन्द्रीय सूचना आयोग में आयुक्तों की अधिकतम संख्या हो सकती है :

(*अ*) 5 (*ब*) 10

(*स*) 15 (*द*) 20

(*iv*) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संबंध है :

(*अ*) जूते की दुकान (*ब*) सोने-चाँदी की दुकान

(*स*) राशन की दुकान (*द*) किराने की दुकान

(*v*) भारत में नई जनसंख्या नीति लागू की गई :

(*अ*) 10 जनवरी, 1995 (*ब*) 24 अक्टूबर, 1996

(*स*) 2 अक्टूबर 1997 (*द*) 15 फरवरी, 2000

**(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(*i*) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय................में है।

(*ii*) 14 वर्ष से कम उम्र के श्रमिक को................कहते हैं।

(*iii*) भारत में गरीबी का मुख्य कारण............है।

(*iv*) 'विश्व जनसंख्या दिवस'................को मनाया जाता है।

(*v*) कुटीर उद्योगों में उत्पादित सामान...........बाजार में बेचा जाता है।

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. उपनिवेशवाद का क्या अर्थ है ?
3. W. H. O. का पूरा नाम क्या है ?
4. आयुर्वेद के जन्मदाता किसे माना जाता है ?
5. छत्तीसगढ़ का प्रमुख व्यवसाय तथा फसल क्या है ?
6. सामाजिक चेतना से आप क्या समझते हैं ?
7. 'उपभोक्ता की बचत' से आपका क्या आशय है ?
8. श्रम-विभाजन कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए।
9. वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति कौन हैं ?

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. यूनेस्को पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ के लोक-गीतों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है ?
12. जिला न्यायाधीश एवं सत्र न्यायाधीश में क्या अंतर है ?
13. श्रम-विभाजन से उपभोक्ताओं को क्या लाभ होता है ?
14. उपभोक्ता बचत की किन्हीं **तीन** कठिनाइयों का वर्णन कीजिए।
15. परिवार कल्याण कार्यक्रम से आपका क्या आशय है ?

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. भिलाई में इस्पात संयंत्र के स्थानीयकरण के कारण लिखिए।

**अथवा**

निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों का वर्णन कीजिए।

17. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

बेरोजगारी निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किन्हीं **चार** कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

18. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाते हुए उसे लागू करने के उद्देश्य बताइए।

**अथवा**

स्वतंत्रता के बाद महिला सशक्तीकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं **चार** योजनाओं की विवेचना कीजिए।

19. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

खरीफ एवं रबी की फसल में कोई **चार** अंतर लिखिए।

20. संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं **चार** सफलताओं का वर्णन कीजिए।

21. नाजीवाद के किन्हीं **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

जापान में राष्ट्रवाद के उत्कर्ष के कोई **चार** कारण लिखिए।

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

22. साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

"एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद के विकास की अनुकूल परिस्थितियाँ थीं।" समझाइए।

23. तापीय विद्युत और जल विद्युत में अंतर लिखिए। (कोई ***पाँच***)

**अथवा**

ऊर्जा के किन्हीं **पाँच** गैर-परंपरागत साधनों को समझाइए।

24. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) चिल्का झील (*b*) दिल्ली

(*c*) छोटा नागपुर का पठार (*d*) शिवालिक श्रेणी

(*e*) ताप्ती नदी।

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) मन्नार की खाड़ी (*b*) महानदी

(*c*) थार का मरुस्थल (*d*) कान्हा किसली

(*e*) नीलगिरि पर्वत

**25.** "लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

**अथवा**

ग्राम पंचायत के कार्यों को लिखिए।

***निर्देश :*** प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

**26.** वनों से क्या-क्या लाभ होते हैं ? समझाइए।

**अथवा**

मृदा के किन्हीं छः प्रकारों का वर्णन कीजिए।

27. जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे ? इन्हें छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

**द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में समझाइए।**